76/2017 [handwritten heading, partly illegible]

4.6.18 पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान में अटल सेवा केन्द्र ग्राप पंचायत करना में पेश हुई। प्रार्थी पक्ष की ओर पैरोकार सरकार नायब तहसीलदार (कोर्ट) सिणधरी उपस्थित। विप्रार्थी स. 1 से 5, 7 से 9, 11 से 13, 15, 17 से 22, 48 से 53 एकतरफा। शेष विप्रार्थीगण के भी नोटिस पूर्व में तामिल प्राप्त हुए थे। उक्त विप्रार्थीगण को सुनवाई के पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरांत भी हाजिर नही हुए है। अतः इनके विरूद्व भी एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

प्रार्थी पक्ष की बहस सुनी गई। दौराने बहस कथन किया कि विवादित भूमि मे दर्शित रकबा का उपयोग आमजन द्वारा आवागमन हेतु उपयोग में लिया जा रहा है। और मौके पर रास्ता चल रहा है। लेकिन राजस्व रिकार्ड में निजी खातेदारी में दर्ज है। जिसे राजस्व रिकार्ड में गै.मु.रास्ता दर्ज किया जावे।

**हमने** प्रार्थी पक्ष को सुना। और पत्रावली के सलंग्न राजस्व रिकार्ड,दस्तावेजात का गम्भीरता पूर्वक अवलोकन किया। तथा तथ्यो का विधि के परिप्रेक्ष्य में विवेचन किया गया। जिसमें पाया कि,आवेदन मे दर्शित विवादित भूमि का रकबा किस्म बा.सोयम निजी खातेदारी में दर्ज है। जिसकी मौके पर उक्त प्रस्तावित रकबा का आमजन के आने जाने हेतु रास्ते के रूप में उपयोग मे लिया जा रहा है,और तहसीलदार सिणधरी द्वारा भी उक्त रकबे की किस्म गै.मु.रास्ता दर्ज करने की सिफारिश की गई है। एवं विप्रार्थीगण बावजुद नोटिस तामिल के हाजिर नहीं हुआ है। इससे प्रतीत होता है,कि विप्रार्थीगण को प्रस्तावित रकबे की किस्म गै.मु.रास्ता किये जाने में कोई आपर्ति नहीं है। यदि आपर्ति होती तो न्यायालय मे हाजिर होकर चाराजोही करते। लेकिन ऐसा विप्रार्थीगण द्वारा नहीं किया गया। इससे स्पष्ट है। कि प्रस्तावित रकबेनुसार मौके पर रास्ता चल रहा है। ऐसी सूरत में न्यायालय को गै.मु.रास्ता दर्ज किये जाने में कोई आपर्ति प्रतीत नही होती है।

**लिहाजा** प्रार्थी का आवेदन लोकभावना एवं जनहित को मध्यनजर रखते हुए स्वीकार किया जाकर विस्तृत आदेश पृथक से लिखा जाकर सुनाया गया और शामिल मिसल किया गया।

पत्रावली फेसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो।

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर सिणधरी

(राजस्व लोक अदालत/केम्प स्थल–अटल सेवा केन्द्र ग्रा.प करना)
पीठासीन अधिकारी–श्री अंजुम ताहिर सम्मा,आर.ए.एस.

क्रमांकः/राजस्व/2018/ दिनांक 4.6.18

## –::आदेश::–

श्रीमान जिला कलक्टर बाड़मेर के पत्रांकःप.12()(1)राजस्व/2016/7205–40 दिनांक 10.10.2016 प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि राजस्व ग्राम आमजर पटवार मण्डल करना तहसील सिणधरी की जमाबंदी संवत् 2073–2076 के अनुसार निम्नांकित भूमि निजी खातेदार में दर्ज है। लेकिन मौके पर रास्ते के उपयोग में आ रही है, जिसे गैर मुमकिन रासता दर्ज करवाने के आदेश प्रदान करावें।

भूमि धारक तहसीलदार सिणधरी द्वारा अनुशंषा किये जाने पर राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांकःप 3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 130,131, एवं 136 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 60(एच) के तहत राजस्व ग्राम आमजर पटवार मण्डल करना तहसील सिणधरी की निम्नांकित दर्शित भूमि निजी खातेदारी को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार सिणधरी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव व नजरी नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

| क्र.स. | खातेदार का नाम | ख.न. | कुल रकबा (बीघा) | किस्म | रास्ते हेतु मौके अनुसार प्रस्तावित भूमि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | रकबा | किस्म |
| 1 | घमण्डाराम टीकमा पि. शेरामा,भोजा भोमा पि. लिछमणा कौम जाट सा. देह खातेदार रहन–एस.बी.बी.जे.भूंका भगतसिंह | 28/3 | 40-02 | बा.सोयम | 1-02 | गै.मु.रास्ता |
| 2 | मेहाराम वल्द उमाराम देराज मदरूपा लिखमा पि. गोमा बाकाराम पि. दमाराम रम्भादेवी पत्नी दमाराम भलाराम बालाराम रामाराम पि. घमण्डाराम चनणी देवी पत्नि घमण्डाराम हनुमानराम वल्द लाधूराम कौम जाट सा. देह खातेदार | 27 | 256-05 | बा.सोयम | 2-16 | गै.मु.रास्ता |
| 3 | सजनराम वल्द पीराराम कौम जाट सा. बायतू खातेदार | 16/1 | 11-15 | बा.सोयम | 0-12 | गै.मु.रास्ता |
| 4 | भैरा वल्द भूरा जाट सा. बायतू खातेदार रहन एसबीबीजे शाखा भूंका भगतसिंह | 16/2 | 30-16 | बा.सोयम | 0-16 | गे.मु.रास्ता |

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

उपखण्ड अधिकारी सिणधरी

Scanned by CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | केसाराम दूदाराम खेमाराम पि. रूगनाथराम इन्दा वाला पि. लाला कौम जाट सा. बायतू खातेदार रहन–ईन्दा वाला का हि. एस.बी.बी.जे शाखा भूका भंगत सिंह | 15/4 | 90-10 | बा.सोयम | 1-12 | गै.मु.रास्ता |
| 6 | हेराज हरचन्द पदमा लूम्बा पि. कना 1/6 हि. देराज वल्द हेमा 1/6 हि. जेरामाराम धनाराम पि. हरखा पुरो बेवा हरखा रूपा केसा जोगा पि. नन्दराम 4/6 कौम जाट सा. बायतू खातेदार। **रहन–** हरचन्द पदमा लुम्बा देराज जोराराम धनाराम पुरो व जोगा हि. एस.बी.बी.जे शाखा भूंका वगतसिंह | 14<br>14 | 375-11<br>375-11 | बा.सोयम<br>बा.सोयम | 1-09<br>2-09 | गै.मु.रास्ता<br>गै.मु.रास्ता |
| 7 | खरथाराम कुम्भाराम पि. पदमाराम श्रीराम वल्द वेहना,तुलसाराम गोधूराम भगाराम रूपाराम पि. ठाकरा मूली बेवा ठाकरा किशनाराम मेहराराम वालाराम पि. मगा चैना वल्द जेठा कौम जाट सा. बायतू भीखीदेवी पत्नी मगाराम चनणीदेवी पत्नि जेठाराम कौम जाट सा. देह खातेदार। **रहन**–मेहराराम रूपाराम बालाराम खरथाराम कुम्भाराम का हि. एस.बी.बी.जे शाखा भूंका भगतसिंह | 13 | 112-07 | बा.सोयम | 0-11 | गै.मु.रास्ता |

उपखण्ड अधिकारी
सिणधरी

Scanned by CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | इन्दाराम दमाराम पि. कुम्भाराम उदी देवी पत्नी कुम्भाराम सुरेश कुमार बाबूलाल पि. हीराराम माडूदेवी पत्नि हीराराम नरसिंगा वल्द नगाराम भंवरलाल जोगाराम भूराराम नारणाराम पि. लिछमणाराम पीराराम मगाराम पूनमाराम जेठाराम पि. सुखराम 3/5 हि. श्रीराम वल्द अचलाराम 2/5 हि. कौम जाट सा. माघासर (बायतू खातेदार श्रीराम का हि. एस.बी.बी.जे शाखा भूंका भगतसिंह | 13/1 | 45-00 | बा.सोयम | 1-08 | गै.मु.रास्ता |

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

क्रमांकः/राजस्व/2018/ दिनांक 4.6.18

प्रतिलिपिः—सूचनार्थ एवं आवश्यक पालनार्थ।
तहसीलदार सिणधरी।

उपखण्ड अधिकारी,सिणधरी

Scanned by CamScanner